भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1689
उत्तर देने की तारीख 10 दिसम्बर, 2025

संचार मित्र योजना

1689. श्रीमती पूनमबेन माडमः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने दूरसंचार के प्रमुख मुद्दों पर जागरूकता और जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए संचार मित्र योजना शुरू की है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) संचार मित्र योजना के मुख्य उद्देश्यों का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या इस योजना को देश भर में लागू कर दिया गया है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और वर्तमान में इसमें कितने संस्थान भाग ले रहे हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) जी, हाँ।

(ख) और (ग) संचार मित्र स्कीम का उद्देश्य युवा शक्ति - भारत के युवाओं को डिजिटल सशक्तिकरण और सामाजिक संपर्क के उत्प्रेरक के रूप में शामिल करना है। संचार मित्र के रूप में नामित किए गए छात्रों द्वारा समुदायों, शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थानों आदि में सक्रिय रूप से जागरूकता अभियान चलाना अपेक्षित होगा, जिसमें नागरिक-केंद्रित दूरसंचार सेवाओं, दूरसंचार फ्रॉड की रोकथाम और मोबाइल सुरक्षा डिजिटल सुरक्षा– को बढ़ावा देना और जिम्मेदार दूरसंचार उपयोग को प्रोत्साहन देने जैसे प्रमुख दूरसंचार - संबंधी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

यह स्कीम उन तकनीकी संस्थानों के छात्रों के लिए है जो दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर, साइबर सुरक्षा या इसी प्रकार के कार्यक्रम संचालित करते हैं और इस स्कीम में भाग लेने के लिए सहमत हैं।

(घ) और (ङ) जी, हाँ। यह स्कीम दूरसंचार विभाग के एलएसए फील्ड कार्यालयों के माध्यम से सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में लागू की गई है। वर्तमान में 222 संस्था इसमें भाग ले रही हैं।

*****